बिहार सरकार

**शिक्षा विभाग**

**आदेश**

सं0–03 / आ०1–98 / 2024..i/345771...... / श्री मोतिउर रहमान, तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी, किशनगंज सम्प्रति सेवानिवृत को विभागीय संकल्प संख्या–79 दिनांक 01.07.2024 द्वारा निलंबित किया गया एवं कार्यालय आदेश संख्या–284 दिनांक 30.06.2025 द्वारा निलंबन मुक्त किया गया।

2. श्री मोतिउर रहमान के विरुद्ध संकल्प सं.–213 दिनांक 13.11.2024 द्वारा अनुशासनिक कार्यवाही संचालित की गई थी।

3. श्री मोतिउर रहमान को उनके द्वारा की गयी प्रशासनिक चूक के प्रमाणित आरोप के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम–14 (iv) के अंतर्गत "आदेश निर्गत होने की तिथि से दिनांक 30.12.2025 तक की अवधि के लिए, संचयी प्रभाव के बिना कालमान वेतन में एक निम्नतर प्रक्रम पर अवनति" की शास्ति अधिरोपित / संसूचित की गयी है। उस समय निलंबन अवधि के सेवा का निरूपण एवं वेतन / भत्तों की अनुमान्यता के संबंध में निर्णय नहीं लिया गया था।

4. श्री मोतिउर रहमान ने अपने पत्रांक–शून्य दिनांक 24.11.2025 द्वारा निलंबन अवधि के संबंध में लंबित वेतन / भत्तों तथा सेवा संबंधी अपेक्षित आदेश निर्गत करने का अनुरोध किया है।

5. सम्यक् समीक्षोपरांत श्री मोतिउर रहमान के निलंबन अवधि दिनांक– 01.07.2024 से 30.06.2025 की अवधि के वेतन भत्ता एवं सेवा निरूपण के संबंध में अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा निम्नवत् निर्णय लिया गया है–

**"श्री मोतिउर रहमान की निलंबन अवधि दिनांक–01.07.2024 से 30.06.2025 में जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ अन्य देय नहीं होगा, परंतु यह अवधि पेंशन योजनार्थ परिगणित की जाएगी।"**

6. उक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 /
**(मनोरंजन कुमार)**
निदेशक (प्रशासन)

ज्ञापांक–03 / आ०1–98 / 2024 i/345771 / पटना, दिनांक–......07 /01/ 2026

प्रतिलिपि :– महालेखाकार, बिहार, पटना / माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, बिहार, पटना / अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना / राज्य परियोजना निदेशक / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य टेक्सट बुक कॉरपोरेशन / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम / निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् / मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना / सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना / सचिव, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना / सचिव, बिहार मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना / सभी निदेशक, शिक्षा विभाग / सभी प्रमण्डलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना / संबंधित कोषागार पदाधिकारी / विशेष निदेशक (मा0शि0) / सभी उप निदेशक / सभी संयुक्त निदेशक / सहायक निदेशक / सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक / सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी / सभी संयुक्त सचिव / उप सचिव / अवर सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार / सभी प्रशाखा पदाधिकारी / श्री मोतिउर रहमान, तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी, किशनगंज सम्प्रति सेवानिवृत, पता – फ्लैट संख्या–204 / 106, A–वन साईड शशि इनकलेव, अल्बा कॉलोनी, रानीपुर रोड, फुलवारी शरीफ, पटना, पिन–801505 एवं आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Signed by
Manoranjan Kumar
निदेशक (प्रशासन)
Date: 06-01-2026 18:42:50



E:\Manish